# निष्पक्ष चुनाव के लिए आयोग की एस.ओ.पी. का उल्लंघन ना हो : सौरभ भगत

■ सामान्य पर्यवेक्षक सौरभ भगत ने जिला निर्वाचन अधिकारी के साथ ली बैठक में ये निर्देश दिए

**बीकानेर,**(कासं)। लोकसभा आम चुनाव 2024 के दौरान बीकानेर संसदीय क्षेत्र के लिए नियुक्त सामान्य पर्यवेक्षक सौरभ भगत ने कहा कि निष्पक्ष और पारदर्शी चुनाव संपादित करवाने के लिए आयोग द्वारा निर्धारित की गई एसओपी का किसी भी स्तर पर उल्लंघन ना हो यह सुनिश्चित किया जाए।

सामान्य पर्यवेक्षक ने जिला निर्वाचन अधिकारी नम्रता वृष्णि के साथ गुरूवार को कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित विभिन्न प्रकोष्ठ प्रभारियों की बैठक में यह बात कही। उन्होंने कहा कि निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित किये गए खर्च सीमा के अनुरूप प्रत्याशियों का खर्चा नियंत्रण में रहे। पुलिस, व्यय अनुवीक्षण प्रकोष्ठ, एमसीसी प्रकोष्ठ, प्रवर्तन एजेंसियां, मीडिया सर्टिफिकेशन एंड मॉनिटरिंग कमेटी, मीडिया प्रकोष्ठ सहित सभी संबंधित प्रकोष्ठ बारीकी से इस पर निगरानी रखे। सूचनाओं को साझा करते हुए यह सुनिश्चित किया जाए कि मतदाता बिना किसी डर के निर्भीक रहकर अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकें।

भगत ने कहा कि सरकारी कार्मिक और अधिकारी किसी भी राजनीतिक गतिविधि में संलिप्त ना हों तथा निष्पक्ष रहकर सौंपें गए दायित्वों का निर्वहन करें। जिला निर्वाचन अधिकारी वृष्णि ने लोकसभा चुनाव के संबंध में की गई तैयारियों की जानकारी दी और कहा कि निष्पक्ष और निर्भीक वातावरण निर्माण हमारा लक्ष्य है। एफएसटी, एसएसटी द्वारा पुलिस के सहयोग से अब तक जिले में 11 करोड रूपये से अधिक की सीजर कार्रवाई की जा चुकी है। वृष्णि ने वलनरेबल पॉकेट्स, स्ट्रांग रूम की सुरक्षा के लिए की गई व्यवस्थाओं आदि के बारे में बताया और प्रकोष्ठ प्रभारियों को सूचनाएं समयबद्ध साझा करने के निर्देश दिए।

समस्त मतदान केन्द्रों पर छाया, पानी, बिजली, टायलेट, रैम्प आदि की व्यवस्थाओं का भौतिक सत्यापन की रिपोर्ट लेते हुए भगत ने कहा कि सभी सेक्टर अधिकारी आवश्यक रूप से मतदान केन्द्रों का तृतीय भ्रमण कर इसकी रिपोर्ट सौंपें। गर्मी के मौसम को देखते हुए पेयजल और छाया आदि की समुचित व्यवस्था रहे। उन्होंने कहा कि ईवीएम और वीवीपेट मूवमेंट, स्टोरेज के दौरान सुरक्षा के पुख्ता बंदोबस्त हो तथा आयोग द्वारा निर्धारित नियमों को फॉलो किया जाए। इस प्रक्रिया में राजनीतिक प्रतिनिधियों को शामिल करें ताकि आम मतदाता का विश्वास बना रहे। भगत ने कहा कि प्रशिक्षण के दौरान मतदान दल को व्यवस्थित तरीके से हैंड्स ऑन ट्रेनिंग देने पर विशेष ध्यान दिया जाए।

सामान्य पर्यवेक्षक सौरभ भगत ने कहा कि वलनरेबल हेलमेट के रूप में चिन्हित किये गए क्षेत्र में पुलिस और प्रशासन की टीम में अतिरिक्त सतर्कता रखते हुए प्रत्येक इनपुट पर गंभीरता से कार्रवाई करें। उन्होंने कहा कि वोटर स्लीप समय पर वितरित हो जाए तथा यह भी सुनिश्चित किया जाए कि प्रत्येक मतदाता की स्लीप संबंधित को ही सौंपी जाए।

मतदाताओं को जागरूक करने के लिए स्वीप गतिविधियों की सीईओ जिला परिषद सोहनलाल ने जानकारी दी। उन्होंने बताया कि स्वीप से जुड़े 21 विभागों के सहयोग से ग्राम पंचायत स्तर तक जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। वोटर हेल्पलाइन ऐप पर नाम जांचों अभियान चलाया गया। रणनीति बनाकर आम मतदाताओं की सहभागिता से नियमित गतिविधियां आयोजित कर आम मतदाता को मताधिकार प्रयोग के लिए प्रेरित किया जा रहा है। आदर्श आचार संहिता प्रकोष्ठ प्रभारी प्रशिक्षु आईएएस यक्ष चौधरी ने बताया कि सी विजिल ऐप पर अब तक 25 शिकायतें प्राप्त हुई हैं। होम वोटिंग तथा पोस्टल बैलेट प्रकोष्ठ प्रभारी धीरज जोशी ने बताया कि जिले 85 वर्ष से अधिक आयु तथा दिव्यांग जन श्रेणी में 3 हजार 589 होम वोटिंग के आवेदन प्राप्त हुए हैं।

बैठक में रेंडमाइजेशन, माइक्रो आब्जर्वर, एफएसटी, एसएसटी, सीजर कार्रवाई मीडिया मॉनिटरिंग, रूट चार्ट, कम्युनिकेशन प्लान, वेबकास्टिंग, मतदान दलों के की व्यवस्थाओं सहित अन्य विषयों पर प्रजेंटेशन दिया गया। उप जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. दुलीचंद मीणा ने पूरक मतदान केन्द्रों के संबंध में जानकारी दी। बैठक में विभिन्न प्रकोष्ठ प्रभारी उपस्थित थे।



बीकानेर संसदीय क्षेत्र के लिए नियुक्त पर्यवेक्षक सौरभ भगत ने जिला अधिकारियों की बैठक को संबोधित किया।

## 13.37 लाख रूपये की ठगी

**बीकानेर,**(कासं)। मुनाफे का लालच देकर युवक से लाखों रूपये ठगने का मामला सामने आया है। ठगों ने युवक को रूपये दोगुना करने का झांसा देकर लाखों रूपये ऐंठ लिए हैं।

इस संबंध में गांव 7 जेएम अनूपगढ़ हाल पता 144 मारुति सुजुकी शोरूम के पास समता नगर निवासी कुलदीप सिंह पुत्र कशमीर सिंह ने पुलिस अधीक्षक को परिवाद दिया है। परिवाद के आधार पर साइबर थाने में मामला दर्ज हुआ है। परिवाद में पीड़ित ने बताया कि उसके साथ आईपीओ लॉचिंग व शेयर मार्केट नाम पर धोखाधड़ी कर 13 लाख 37 हजार 570 रूपये ठग लिए गए हैं।

उसके पास 3 जनवरी 2024 को 9867525017 नंबर से फोन आया और बोला अगर आप शेयर मार्केट व आईपीओ लॉचिंग में रूपये लगाना चाहते हो तो 300 प्रतिशत का मुनाफा मिलेगा। पीड़ित झांसे में आ गया। फोन करने वाले ने ग्रुप एनजल बैंक रॉक से जोड़ लिया। इसके बाद रोज वाट्सअप पर रूपये डबल होने का दिखाने लगे। फिर उन्होंने कहा कि अगर आप हमारे सदस्य बनने चाहते हो तो मैं आपको एनजल की सदस्यता ग्रहण करने के लिए एक फार्म भेजता हूं। फिर उन्होंने झांसे में लेकर एक एक अकाउंट नंबर भेजा और कई बार में पीड़ित से 13 लाख 37 हजार 570 रूपये जमा करवा लिए।

मैसेज आया कि आपका आईपीओ लांच हो चुका है और एनजल ब्लैक के नाम की एप्लीकेशन में ऑफर मिला है। जिसमें आपको 17 लाख 12 हजार 225 रूपए मिलेंगे। जब राशि निकासी करनी चाही तो नहीं हुई। जब वाटसअप पर संपर्क किया तो उन्होंने बताया कि आपका स्कोर कम है।

## सार-समाचार

### अपशिष्ट निस्तारण की जानकारी दी




डॉ. विरेन्द्र चौधरी ने पशु जैव चिकित्सकीय अपशिष्ट के निस्तारण की जानकारी दी।

**बीकानेर,**(कासं)। वेटरनरी विश्वविद्यालय के जैव चिकित्सा अपशिष्ट निस्तारण एवं प्रौद्योगिकी केन्द्र, राजुवास की मुख्य अन्वेषक डॉ. दीपिका धूड़िया ने बताया कि केन्द्र द्वारा राजकीय माध्यमिक विद्यालय, इंदिरा गांधी नहर परियोजना बीकानेर में छात्र-छात्राओं हेतु अपशिष्ट निस्तारण जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जागरूकता कार्यक्रम में केन्द्र के सहायक आचार्य डॉ. देवेन्द्र चौधरी ने अस्पतालों से निकलने वाले जैविकीय अपशिष्ट का मानव स्वास्थ्य व वातावरण पर पड़ने वाले दुष्प्रभावों के बारे में विस्तार पूर्वक अवगत करवाया। पशुओं से मनुष्यों में फैलने वाले संक्रामक रोगों के बारे में जानकारी दी। केन्द्र की सहायक आचार्य डॉ. वैशाली ने छात्र-छात्राओं को पालतू पशुओं से होने वाले रोगों के बारे में विस्तार पूर्वक अवगत करवाया एवं रेबीज से बचाव व टीकाकरण की भी जानकारी दी। जागरूकता कार्यक्रम के दौरान पशु जैव स्वास्थ्य आधारित प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता भी आयोजित करवाई गई जिसमें विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया। कार्यक्रम के दौरान स्नातकोत्तर स्कॉलर डॉ. जयंत स्वामी, राजकीय माध्यमिक विद्यालय, इंदिरा गांधी नहर परियोजना, बीकानेर की उप-प्राचार्य अनु भाटी, सरिता चौधरी व अध्यापक ताराचंद उपस्थित थे।

### नर्सिंग प्रभारियों को प्रशिक्षण दिया

**बीकानेर,** (कासं)। पीबीएम अस्पताल के जीएनएमटीसी क्लास रूम में लगभग 100 वार्डों के नर्सिंग इंचार्ज को और सभी ब्लॉक के नर्सिंग अधीक्षकों को ट्रियाज सिस्टम, सीपीआर, वार्ड मैनेजमेंट, नर्सिंग का जॉब चार्ट, मरीज़ों के साथ इंटर पर्सनल रिलेशनशिप, कर्तव्य और अधिकारों की ट्रेनिंग दी गई। पीबीएम अस्पताल के उप अधीक्षक डॉ. गौरीशंकर जोशी की ओर से आपदा प्रबंधन के बारे में ट्रेनिंग दी गई। उन्होंने बताया कि किस तरह आपदा आने से मानव को हानि होती है और किस तरह से आपदा से निपटा जा सकता है। आपदाओं से होने वाले नुकसान बीमारी और मेडिकल टीम की क्या जिम्मेदारी होती है। जीएनएमटीसी के प्रिंसिपल अब्दुल वाहिद ने मरीज और नर्सिंग स्टाफ और चिकित्सक के बीच में इंटर पर्सनल रिलेशनशिप और नर्सिंग अधिकारियों के जॉब चार्ट के बारे में प्रशिक्षण दिया। अब्दुल वाहिद ने बताया मरीजों की बढ़ती संख्या से नर्सिंग अधिकारियों में तनाव न आये, इसके लिए आईपीआर की बेस्ट क्वालिटी होनी चाहिए तथा जॉब चार्ट के अनुसार काम आने चाहिए। जिला मुख्य नर्सिंग अधीक्षक सीताराम बंजारा ने वार्ड मैनेजमेंट के बारे में बताया कि किस तरह से मरीजों की संख्या अधिक होने पर भी वार्ड मैनेजमेंट सही तरह से रखना है। इसके लिए हमें बिल्कुल भी तनाव में नहीं आना है। नर्सिंग ऑफिसर मेवा सिंह ने बताया कि सीपीआर, स्किल डवलपमेंट ट्रेनिंग की जरूरत क्यों है। ट्रियाज सिस्टम प्रोटोकॉल का प्रयोग करते हुए मरीजों को सीवियर कंडीशन के अनुसार किस मरीज को पहले ट्रीटमेंट देना है। अगर किसी मरीज को कार्डियक अरेस्ट आ जाए तो मरीज को सीपीआर कैसे देना चाहिए। इसके लिए प्रशिक्षण दिया गया। नर्सिंग अधिकारी राजेन्द्र बिजारनियां ने अग्निशमन यंत्र से धरातल पर ट्रेनिंग दी। इस प्रकार की ट्रेनिंग अस्पताल में पहली बार दी गई है।

### अवैध हथियार सहित दबोचा

**बीकानेर,** (कासं)। जिले के कोटगेट पुलिस थाना क्षेत्र में अवैध हथियार लेकर घूम रहे एक युवक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई गश्त के दौरान पुलिस ने की है। पुलिस के मुताबिक गश्त के दौरान धोबी तलाई क्षेत्र में एक युवक को रोका। किंतु वह पुलिस को देखकर भागने लगा। ऐसे में पुलिस ने उसका पीछा कर धोबी तलाई निवासी चेतन सिंह उर्फ चिंटू को पकड़ उसकी तलाशी ली। तलाशी के दौरान युवक के पास एक अवैध पिस्टल मिली। युवक के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है।

# बेटी को बचाने आई मां की पीट-पीटकर हत्या

■ नोखा थानान्तर्गत रायसर गांव में दासणु मार्ग स्थित खेत ढाणी में हुई ये वारदात

**बीकानेर,**(कासं)। बीकानेर में बीती रात रायसर गांव में अपनी बेटी को बचाने के लिए आई मां की बदमाशों ने पीट-पीटकर मार डाला। इस मामले में तीन जनों को नामजद किया गया है। पीड़ित पक्ष की रिपोर्ट के आधार पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी।

दरअसल मामला नोखा पुलिस थानान्तर्गत रायसर गांव में दासणु मार्ग स्थित खेत ढाणी का है। पुलिस के मुताबिक पीड़ित रायसर निवासी पूनाराम नायक ने इस आशय की रिपोर्ट थाने में दी है। रिपोर्ट के मुताबिक उसका परिवार रायसर गांव में दासणु मार्ग स्थित स्थाई ढाणी में रहता है। जहां ढाणी में ही उसकी एक परचून की दुकान है। रिपोर्ट में बताया कि 27 मार्च को तकरीबन सात-साढ़े सात बजे दुकान में उसकी बेटी नोजा बैठी हुई थी। आरोप है कि इसी दौरान गांव के चतराराम, किशनाराम, शायरराम नायक एकराय होकर लाठिया लेकर आए। दुकान में घुसते ही आरोपियों ने गालियां निकालनी शुरू कर दी।

इस दौरान उसकी बेटी चिल्लाई तो उसकी पत्नी श्रवण देवी दौड़ कर आई। उसके आते ही उस पर आरोपियों ने लाठियों से हमला बोल दिया। बाद में आरोपियों ने उसकी बेटी के साथ मारपीट की। उसके बाद आरोपी मौके पर अपनी मोटरसाइकिल छोड़कर फरार हो गए। इसी दौरान किसी ने पुलिस को इत्तला दी तो मौके पर पुलिस पहुंची। उसकी पत्नी को लेकर अस्पताल पहुंचे, किंतु उसने दम तोड़ दिया। पुलिस रात भर टीमें बनाकर आरोपियों को पकड़ने के लिए संभावित ठिकानों पर दबिश देती रही।

**दहेज हत्या का मामला दर्ज :** जिले के पूगल पुलिस थाना क्षेत्र में दहेज हत्या का मामला सामने आया है। पीहर पक्ष के लोगों ने ससुराल वालों पर हत्या कर देने का आरोप लगाते हुए उनके खिलाफ थाने में मामला दर्ज करवाया है। मामला पूगल पुलिस थानान्तर्गत चक 10 डीडी फलावाली में का बताया जा रहा है।

चक 05 आरएम निवासी श्रवणराम जाट पुत्र गोमदराम ने थाने में दी रिपोर्ट में आरोप लगाया कि दहेज के लिए उसकी बेटी को परेशान कर उसको जान से मार दिया। पुलिस ने आरोपी रेवंतराम पुत्र उमाराम, सरस्वती पत्नी रेवंतराम व सुरेन्द्र पुत्र रेवंतराम के खिलाफ थाने में मामला दर्ज कराया।

## आखरी दिन 8 नामांकन दाखिल

**बीकानेर,** (कासं)। लोकसभा सीट के आम चुनाव 2024 के लिए नाम निर्देशन पत्र प्रस्तुत करने की प्रक्रिया सम्पन्न हुई। जिला निर्वाचन अधिकारी नम्रता वृष्णि ने बताया कि कुल नौ प्रत्याशियों द्वारा नाम निर्देशन पत्र दाखिल किए गए हैं। नाम निर्देशन पत्र भरने के आखरी दिन आठ प्रत्याशियों द्वारा 12 नामांकन दाखिल किये गये।

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) प्रत्याशी के रूप में अर्जुनराम मेघवाल ने चार नाम निर्देशन पत्र दाखिल किये। भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस प्रत्याशी के रूप में गोविंद राम मेघवाल ने दो नाम निर्देशन पत्र प्रस्तुत किए।

बहुजन समाज पार्टी (बसपा) प्रत्याशी के रूप में खेताराम तथा 5 अन्य प्रत्याशियों ने निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में एक-एक नाम निर्देशन पत्र दाखिल किया। निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में गोपीचंद मेघवाल, पुखराज नायक, बाबूलाल, रतनी देवी तथा आत्माराम गुजराती द्वारा नामांकन पत्र प्रस्तुत किए गए।

# जमीन-जायदाद के मामले में अर्जुन पर भारी गोविन्द

■ अर्जुनराम मेघवाल और गोविन्दराम ने नामांकन पत्र के साथ सम्पत्ति का ब्यौरा दिया

**बीकानेर,**(कासं)। बीकानेर लोकसभा क्षेत्र से चुनावी रण में उतरे भाजपा के अर्जुनराम मेघवाल और कांग्रेस के गोविन्दराम मेघवाल ने नामांकन पत्र के साथ सम्पत्ति का ब्यौरा दिया।

गोविन्दराम जमीन-जायदाद, वाहन और आभूषण के मामले में अर्जुनराम से आगे हैं। शपथ पत्र के अनुसार जहां अर्जुनराम ने स्वयं के नाम 2 करोड़ 38 लाख 7 हजार रूपये और पत्नी के नाम 1 करोड़ 84 लाख 72 हजार रूपये की सम्पत्ति होना बताया है। इस तरह कुल सम्पत्ति 3 करोड़ 76 लाख 54 हजार रूपये है।

वहीं गोविन्दराम ने स्वयं के नाम पर 4 करोड़ 7 लाख 38 हजार रूपये और पत्नी के नाम 1 करोड़ 38 हजार 46 हजार रूपये की सम्पत्ति बताई है। दोनों की कुल सम्पत्ति 5 करोड़ 73 लाख 83 हजार रूपये है।

हालांकि गोविन्दराम ने स्वयं की 3 करोड़ 8 लाख 93 हजार रूपये की देनदारी भी बताई है। वहीं अर्जुनराम ने कोई देनदारी नहीं होना बताया है। अर्जुनराम की पत्नी के नाम से 12 एकड़ कृषि भूमि भी है। साथ ही सुदर्शना नगर में एक आवासीय मकान, पत्नी के नाम कांता खतूरिया कॉलोनी में मकान और किशमीदेसर गांव में पुश्तैनी मकान है। जबकि गोविन्दराम के स्वयं के नाम 63.75 एकड़ तथा पत्नी के नाम 91.62 एकड़ कृषि भूमि और नलकूप होना बताया है। उनके पास जयनारायण व्यास कॉलोनी में दो आवासीय भवन, मानसरोवर जयपुर में एक फ्लैट भी है।

# 155 किलो डोडा-पोस्त सहित तस्कर को दबोचा

■ डोडा-पोस्त की कीमत करीब 35 लाख रूपये आंकी गई है

**पूगल,** (कासं)। पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर नाकाबंदी के दौरान 155 किलो डोडा-पोस्त बरामद कर एक तस्कर को गिरफ्तार किया।

पूगल थाना पुलिस ने एक स्कॉर्पियो गाड़ी में पकड़ा 155 किलो डोडा-पोस्त की कीमत करीब 35 लाख रूपये आंकी गई है। पुलिस की भनक पड़ते ही तीन तस्कर भागने में सफल रहे। पकड़े गए पोस्त की कीमत करीब 35 लाख रूपये आंकी गई है। एसपी तेजस्विनी गौतम ने बताया कि पूगल पुलिस को मिली मुखबिर की सूचना पर नाकेबंदी की गई तो स्कॉर्पियो नम्बर 1045 में सवार तस्करों ने पुलिस को चकमा देने की कोशिश की।

पुलिस ने गाड़ी का लगातार पीछा किया तो दो तस्कर गाड़ी से कूदकर फरार हो गए। पुलिस ने गाड़ी से चारणवाला निवासी चन्द्रसिंह पुत्र मालमसिंह रापजूत को गिरफ्तार कर पूछताछ की तो उसने गनी खां पुत्र जमे खां निवासी सोलंकियों की ढाणी के भागने की बात कबूल की है। इसी के साथ एस्कोर्ट करने वाली वाहन में भीमसिंह पुत्र ओमसिंह राजपूत निवासी दंतौर व उसका एक और साथी जो भाग गये। पुलिस पकड़े गए आरोपी से पूछताछ कर रही है।

## फसलों में रोग नियंत्रण की जानकारी दी

**बीकानेर,** (कासं)। स्वामी केशवानंद राजस्थान कृषि विश्वविद्यालय अंतर्गत कृषि अनुसंधान केन्द्र बीकानेर में गुरूवार को प्रक्षेत्र दिवस (फील्ड डे) आयोजित किया गया।

जो, गेहूं, मेथी और चने में विभिन्न बीज जनित रोगों का बीज उपचार द्वारा रोगों का नियंत्रण विषय पर आयोजित प्रक्षेत्र दिवस के मुख्य अतिथि अमेठी उत्तरप्रदेश के प्रगतिशील किसान तेजभान सिंह और गोविंद सिंह चौहान थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता कुलपति डॉ अरूण कुमार ने की।

कुलपति ने अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में बीजों द्वारा उत्पन्न होने वाले रोगों व उनका उचित प्रबंधन एवं अधिक उपज प्राप्त करने की तकनीक के बारे में जानकारी दी।

# आठवीं बोर्ड परीक्षा शुरू, कार्मिक बिना मानदेय देंगे सेवाएं

■ परीक्षा ड्यूटी में बोर्ड से मानदेय नहीं मिलता है

**बीकानेर,** (कासं)। राज्य के सबसे बडे॰ विभाग शिक्षा विभाग में राज्य के 17 हजार से अधिक स्कूलों में कार्यालय पंजीयक शिक्षा विभागीय परीक्षाएं राजस्थान बीकानेर की ओर से 8 वीं की परीक्षा गुरूवार से शुरू हुई।

इस परीक्षा में कार्मिक बिना मानदेय सेवाएं देंगे। उन्हें बोर्ड से मानदेय नहीं मिलता। जबकि माध्यमिक शिक्षा बोर्ड अजमेर की 10वीं व 12वीं की परीक्षा में ड्यूटी लगने पर 90 रूपये से 500 रूपये तक मानदेय दिया जाता है। माध्यमिक शिक्षा बोर्ड परीक्षा में केन्द्राधीक्षक को प्रति दिन 150 रूपए, अतिरिक्त केन्द्राधीक्षक को 110 व वीक्षक को 90 रूपए व सुपरवाइजर इन चीफ को 135 रूपये दिए जायेंगे। परीक्षा व्यवस्था में सहयोग करने वाले को विद्यार्थियों की संख्या के आधार पर 90 से 140 रूपये प्रति दिवस मिलेंगे। सहायक कर्मचारी को 160 से 350 रूपये प्रति दिन, फुटकर व्यय के लिए 200 विद्यार्थियों पर न्यूनतम 500 रूपए व 200 से अधिक विद्यार्थियों पर एक हजार से 5 हजार रूपये तक देने का प्रावधान है।

परीक्षा केन्द्र से संग्रहण केन्द्र तक उत्तर पुस्तिका पहुंचाने व वापसी के लिए 10 किलोमीटर तक 65 रूपये व 10 किलोमीटर से अधिक दूरी होने पर 75 रूपये प्रति दिन दिए जाते हैं। आठवीं बोर्ड परीक्षा में ये भी नहीं मिलता। आठवीं बोर्ड की शुरूआत 2014 में हुई थी। तब से एक बार भी मानदेय नहीं दिया गया।

शिक्षक लगातार इसकी मांग कर रहे हैं। 10 वीं और 12 वीं कक्षा की बोर्ड परीक्षा में लगे कार्मिकों को प्रतिदिन मानदेय दिया जाता है। दूसरी ओर राज्य में 8वीं बोर्ड परीक्षा में लगे कार्मिकों को मानदेय तो दूर स्टेशनरी का खर्चा तक नहीं देकर शिक्षा विभाग सौतेला व्यवहार कर रहा है। रेसटा राज्य सरकार व शिक्षा विभाग से मानदेय भुगतान की मांग करता आ रहा है।

## 90 रूपये का सिक्का जारी होगा

**बीकानेर,** (कासं)। भारत की सभी बैंकों पर नियंत्रण रखने वाली देश की केन्द्रीय व सबसे बड़ी बैंक भारतीय रिजर्व बैंक की 90वीं वर्षगांठ पर भारत सरकार 90 रुपये का स्मारक सिक्का जारी करने जा रही है। इस सिक्के का अनावरण 1 अप्रैल को भारतीय रिजर्व बैंक के 90 वें स्थापना दिवस के अवसर पर आयोजित एक कार्यक्रम में किया जायेगा। सिक्कों का संग्रह और अध्ययन करने वाले बीकानेर के प्रसिद्ध मुद्राशास्त्री सुधीर लुणावत के अनुसार देश में पहली बार 90 रुपये का सिक्का जारी हो रहा है। इस 90 रुपये के सिक्के पर एक तरफ भारतीय रिजर्व बैंक का लोगो होगा तथा लोगो की ऊपरी परिधि पर हिन्दी में एवं निचली परिधि पर अंग्रेजी में भारतीय रिजर्व बैंक लिखा होगा। इस लोगो के नीचे 90 लिखा होगा। वहीं सिक्के के दूसरी तरफ अशोक स्तम्भ के नीचे मूल्यवर्ग 90 रुपये लिखा होगा। जिसके दाएं और बाएं हिन्दी और अंग्रेजी में भारत लिखा होगा। भारत सरकार की टकसाल में बने इस सिक्के का वजन 40 ग्राम होगा जो कि 999 शुद्ध चांदी से बना होगा।

**MANAPPURAM FINANCE LTD.**
CIN : L65910KL1992PLC006623
Registered Office: W - 4/ 638A, Manappuram House, P.O. Valapad, Thrissur - 680 567, Kerala, India

**निलामी सूचना**

विशेषकर गिरवीकर्ताओं और सामान्य रूप में जनता को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित अकाउंट्स में रखे गए सोने के आभूषणों की सार्वजनिक नीलामी निम्नलिखित शाखाओं पर दिनांक 16.04.2024 को सुबह 10.00 बजे से किया जाएगा. हम ऐसे डिफॉल्टर ग्राहकों के सोने के आभूषणों की नीलामी करने जा रहे हैं जिन्होंने रजिस्टर्ड पत्र द्वारा सूचित किए जाने के बावजूद अपने लोन की रकम नहीं चुकाई है. जिन आयटम्स की नीलामी नहीं हो पाएगी, उनकी नीलामी किसी अन्य दिन बिना पुन: सूचना दिए की जाएगी. नीलामी के स्थान व तिथि (अगर कोई हो) में परिवर्तनों की कोई सूचना नीलामी केन्द्र या वेबसाइट पर लगाई जाएगी तथा इस बारे में कोई अन्य सूचना नहीं दी जाएगी.

गिरवियों की सूची :
बीकानेर, पंच शती सर्कल, 115300730074244,

उपरोक्त नीलामी में भाग लेने के इच्छुक व्यक्तियों को निम्नलिखित का पालन करना होगा:- इच्छुक बोलीकर्ताओं को ईएमडी के रूप में रू.10,000/- नीलामी के दिन नकद जमा कराना होगा (असफल बोलीकर्ताओं को बाद में लौटा दिया जाएगा). बोलीकर्ता को वैध पहचना प्रमाण/पैन कार्ड साथ लेकर आना होगा. अधिक जानकारी के लिए कृपया 8089292353 पर संपर्क करें.

अधिकृत अधिकारी
मणप्पुरम फायनेंस लि. हेतु.

# भाजपा प्रत्याशी अर्जुनराम मेघवाल ने खाजूवाला के गांवों में वोट मांगे

■ अर्जुनराम ने डबल इंजन की सरकार के नाम पर वोट मांगे

**बीकानेर,**(कासं)। बीकानेर संसदीय क्षेत्र से भाजपा के प्रत्याशी अर्जुनराम मेघवाल ने आज खाजूवाला क्षेत्र के बदरासर, 682 आरडी, बराला, हडमान नगर, 2 एडी गांव सहित अनेक गांवों में जनसंपर्क कर कमल के फूल के निशान पर बंटन दबाने की अपील करते हुए केन्द्र में तीसरी बार भाजपा की सरकार बनाने में अपना मत देने की बात कही।

इस मौके पर उन्होंने कहा कि केन्द्र की भाजपा सरकार ने कई जनकल्याणकारी योजनाएं चलाकर आमजन को राहत प्रदान की है। इतना ही नहीं विश्व में भारत को पांचवीं शक्ति बनाने में मोदी के योगदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता।

मेघवाल ने कहा कि जिस तरह केन्द्र में नरेन्द्र मोदी सरकार और प्रदेश में भजनलाल सरकार काम कर रही है। उससे प्रभावित होकर पूरे प्रदेश में तीसरी बार 25 सीटों कर भाजपा उम्मीदवार विजयी होगी। आमजन दिल खोलकर भाजपा को आशीर्वाद देगी। जनता के आशीर्वाद से हम चौथी बार रिकॉर्ड मतों से विजयी होंगे और डबल इंजन की सरकार प्रदेश में चहुंमुखी विकास करेंगी।

इस मौके पर खाजूवाला विधायक डॉ विश्वनाथ मेघवाल ने कहा पिछले पांच साल के कांग्रेस शासन में खाजूवाला क्षेत्र का विकास हुआ या नहीं ये देखने वाला कोई था। कांग्रेस प्रत्याशी के परिवार का विकास खूब हुआ है। इसी परिवार वाद के खिलाफ एकजुट होकर सर्व समाज को भालपा प्रत्याशी अर्जुनराम मेघवाल के पक्ष में मतदान करना है। डबल इंजन की सरकार इस क्षेत्र का विकास करेंगी ये मेरा वादा है। जनसंपर्क कार्यक्रम में मंडल अध्यक्ष व सरपंच एसोसिएशन के अध्यक्ष तोलाराम कूकणा, कालासर सरपंच प्रतिनिधि राम लक्ष्मण गोदारा, बदरासर सरपंच प्रतिनिधि बजरंग मारू मौजूद थे।



भाजपा प्रत्याशी अर्जुनराम मेघवाल के समर्थन में सभा को विधायक डॉ. विश्वनाथ मेघवाल ने संबोधित किया।

## घर में ही बनाये पैट्रोल बम

**गंगानगर,** (कासं)। दो महिलाओं के पास से असलाह और बम मिले हैं। ये बम उन्होंने घर में ही बना दिए और पड़ौसी को उड़ाने की तैयारी कर ली थी। लेकिन किसी तरह से पुलिस को पहले ही सूचना मिल गई और दोनों को दबोच लिया।

दोनों पर पहले भी कई केस दर्ज हैं। उनको कोर्ट में पेश कर रिमांड पर लेने की तैयारी है। श्याम नगर इलाके में पुलिस ने यह एक्शन लिया है। पुलिस ने बताया कि श्याम नगर क्षेत्र में सिकलीगर मौहल्ले में रहने वाली उषा औरजसविंद्र को गिरफ्तार किया है। उनके पास से सात पैट्रोल बम बरामद किए गए हैं। कांच की बोतलों में पैट्रोल भरकर बम बनाया गया था। ये काफी ज्यादा नुकसान पहुंचा सकते हैं। उनके पास से और भी पैट्रोल मिला है, वे और भी बम बनाने की तैयारी में थी। बमों के अलावा एक तलवार और कुछ छुर्रे भी बरामद किए हैं। पूछताछ में सामने आया कि दोनों की पड़ौस में रहने वाले एक शख्स से खुन्नस थी। उसे सबक सिखाने की तैयारी चल रही थी।

**रेल विद्युतीकरण, जयपुर**

ई-निविदा सूचना संख्याः मु. प. नि. (ईजी)/ आरई/निविदा सूचना/233/2024
दिनांक 27.03.2024

**ई-निविदा सूचना**

भारत संघ के राष्ट्रपति के लिए व उनकी ओर से उप मुख्य इंजीनियर/रे.वि./ जयपुर द्वारा निम्नलिखित कार्यों के लिए दर्शायी गई तिथि एवं समय तक खुली ई-निविदा आमंत्रित की जाती हैं:-

1. ई-निविदा संख्याः उप मु. इंजी/आर.ई/ई-टेण्डर/98 दि0 27.03.2024
(i) कार्य का नामः उत्तर पश्चित रेलवे के रेल विद्युतीकरण कार्यों से सम्बन्धित मेडता रोड-बीकानेर सेक्शन में नोखा स्टेशन पर सम्बद्ध कार्यों के साथ 8- यूनिट टाइप-II, 5-यूनिट टाइप- III और 2-यूनिट टाइप-IV स्टाफ क्वार्टर का निर्माण और नागौर (मेडता रोड-बीकानेर सेक्शन) एवं बालोतरा (समदडी-बाडमेर सेक्शन में) में स्टाफ क्वार्टर के शेष कार्य एवं बाडमेर स्टेशन पर सीपीवीसी पाइप लाइन डालने का कार्य।
(ii) कार्य की अनुमानित लागत (लाख में):-रू. 374.94
(iii) धरोहर राशि रुपए-3,37,500/-
(iv) ई-निविदा बन्द होने की तिथि एवं समय:- 30.04.2024,15.00 बजे।

उपरोक्त निविदा से संबंधित विस्तृत सूचना / निविदा दस्तावेज वेबसाईट "www.ireps.gov.in" पर देखे जा सकते है।

मुख्य परियोजना निदेशक
रेल विद्युतीकरण जयपुर
पीआर-29/2024 (DG) भारत के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से

"ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ"